हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अन्तर्गत सम सेमेस्टर [(IV, VI, VIII एवं X) (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोडकर)]
(मुख्य एवं बैक पेपर)
परीक्षा आवेदन–पत्र 2021–22

एद्‌तद्वारा परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में सी0बी0सी0एस0 प्रणाली के अर्न्तगत विभिन्न पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टरों [(IV, VI, VIII एवं X) (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोडकर)] के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता हैं कि विश्वविद्यालय द्वारा सम सेमेस्टरो की परीक्षा हेतु मा0 कुलपति महोदया के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा आवेदन–पत्र Online भरने की तिथि निम्न विवरणानुसार हैः–

1. Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथिः– **07 मई 2022**
2. Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथिः– **21 मई 2022**
3. **विलम्ब शुल्क रु0 1000/–** के साथ परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथिः– **22 मई से 26 मई 2022 (सांय 5.00 बजे तक)**
4. विभाग/परिसर/महाविद्यालय/संस्थान द्वारा Online Verification के पश्चात् विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र, **रोललिस्ट एवं N.R. (Numerical Return) 02-02** प्रतियों में परीक्षा अनुभाग/अतिगोपनीय अनुभाग में जमा करने की **अन्तिम तिथि 31 मई 2022.**

Online परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय की वैबसाइट www.hnbgu.ac.in अथवा online.hnbgu.ac.in पर उपलब्ध है।
प्रत्येक छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि वे परीक्षा आवेदन पत्र में केवल अपना ही मोबाइल नम्बर एवं मेल आईडी अंकित करें, ताकि परीक्षा सम्बन्धी जानकारियाँ उपलब्ध करायी जा सकें।

यदि किसी छात्र/छात्रा को Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/परिसर से सम्पर्क करें अथवा डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर की मेल आईडी hnbgudpu@gmail.com पर पत्राचार कर समाधान पा सकते हैं। **छात्रो से अपेक्षा की जाती हैं कि वे विश्वविद्यालय पोर्टल पर अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुये यथासमय पर अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें।**

नोटः– उक्त विज्ञप्ति B.Lib. पाठ्यक्रम पर भी लागू होगी।

-Sd-
परीक्षा नियंत्रक

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

पत्रांकः हे0न0ब0ग0वि0वि0/परीक्षा/2022/परीक्षा/325 दिनांक 06/05/2022

प्रतिलिपिः–

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञिप्ति को दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला/शाह टाइम्स/राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक विश्वविद्यालय परिसर, बी0गोपाल रेड्डी परिसर पौड़ी गढ़वाल एवं एस0आर0टी0 परिसर बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल/प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जाँच एवं सत्यापन उपरान्त सूचीवद्ध **दिनांक** 31 **मई 2022 तक** विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।
3. प्रभारी, मान्यता को इस आशय से प्रेषित कि कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र/ई–गर्वनेन्स को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं संस्थानों की पाठ्यक्रम एवं स्वीकृत सीटों की अद्यतन सूची उपलब्ध करने का कष्ट करें।
4. कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द/ई–गर्वनेन्स को इस आशय से प्रेषित कि उक्त तिथिवार परीक्षा आवेदन–पत्र छात्र/छात्राओं की सुविधा हेतु मान्यता अनुभाग से स्वीकृत सीटों के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल खोलने का कष्ट करें।
5. सहायक कुलसचिव/अनुभागीय अधिकारी, परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्रों का आवेदन पत्र शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में कोर्डिनेटर डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र/ई–गर्वनेन्स को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे सम्बन्धित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करें। साथ ही विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर से सभी शुल्क का विवरण सत्पापित करवा कर रिकंसाईल करवा लिया जाये।
6. वित्त अधिकारी/उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव परीक्षा नियंत्रक प्रभारी, उपकार्यालय बिन्दाल पुल देहरादून/प्रभारी, अति गोपनीय के सूचनार्थ प्रेषित।
7. परीक्षा नियंत्रक परीक्षा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट **www.hnbgu.ac.in** पर प्रसारित करें।
9. निजी सचिव कुलसचिव–गाईफाइल में संकलनार्थ प्रेषित।
10. मा0 प्रति कुलपति महोदय को सादर सूचनार्थ।
11. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय– माननीय कुलपति महोदया जी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
12. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।

(अरविन्द कुमार)
सहायक कुलसचिव(परीक्षा)